तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि

रायपुर, रविवार 23 अगस्त 2026

11 टीईटी के खिलाफ शिक्षक संघ ने खोला मोर्चा



12 दादी प्रकाशमणि की पुण्यतिथि पर 23 लोगों ...





# चीनी और चावल के दामों में उछाल, 50 साल बाद शक्कर की कीमतों में रिकॉर्ड तेजी



हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा-नेवरा

पहले मुट्ठी में पैसे लेकर थैला भर शक्कर लाते थे, अब थैले में पैसे जाते हैं और मुट्ठी में चक्कर आती है हाए महंगाई, महंगाई, महंगाई। करीब साढ़े पांच दशक पहले फिल्मी गीत में महंगाई की जो तस्वीर दिखाई गई थी, वह आज के दौर में एक बार फिर सच होती नजर आ रही है।पिछल कुछ महीनों से खाद्य पदार्थों की कीमतों में लगातार उछाल देखने को मिल रहा है। चावल सहित कई जरूरी खाद्य वस्तुओं के दाम बढ़े हैं, लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा इस समय चीनी और गुड़ की कीमतों में अचानक आई तेजी को लेकर है। देश के औसत खुदरा भाव के अनुसार 20 जुलाई को चीनी करीब 45 रुपये किलो थी, जो 22 अगस्त तक बढ़कर करीब 63 रुपये किलो पहुंच गई। यानी एक महीने में लगभग 21 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

**चावल के दाम में भी उछाल:** चीनी के साथ चावल की कीमतों में भी बढ़ोतरी की खबरें हैं। कुछ बाजारों में चावल की अलग-अलग किस्मों के दाम में 5 से 10 रुपये किलो तक का उछाल दर्ज किया गया है। लेकिन चावल के बढ़ती कीमत में भी कमी आई है

## पहले थैला भर शक्कर, अब थैले में पैसे, महंगाई ने बदला हिसाब

### थोक व्यापारी से लेकर खुदरा दुकानदार तक परेशान

चीनी की कीमत बढ़ने का असर सिर्फ उपभोक्ताओं पर ही नहीं, बल्कि छोटे किराना दुकानदारों पर भी पड़ रहा है। व्यापारियों के मुताबिक पहले एक बोरा 50 किलो चीनी खरीदने के लिए करीब 1700 से 1800 रुपये तक की लागत लगती थी और खुदरा बिक्री में मामूली मार्जिन रखकर कारोबार किया जाता था। अब यही क्विंटल महंगी दर पर खरीदना पड़ रहा है, जबकि खुदरा व्यापार में कमाई का मार्जिन लगभग उतना ही बना हुआ है।यानी व्यापारी की पूंजी दोगुनी गति से बढ़ रही है, लेकिन मुनाफा उसी अनुपात में नहीं बढ़ रहा। ऐसे में छोटे दुकानदार भी बढ़ती कीमतों से परेशान हैं।

### ऐसी तेजी कभी नहीं देखी

थोक किराना व्यापारी व संघ के अध्यक्ष सुंदरदास पंजोंवानी ने कहा कि किराने की दुकान खोले 50 साल से भी अधिक हो गए हैं, लेकिन जिस तेजी के साथ शक्कर के दाम बढे हैं। इसके पहले ऐसी तेजी कभी नहीं देखी गई। उन्होंने कहा कि जिस तेजी के साथ शक्कर के दाम बढ़ रहे थे। ऐसा लग रहा था शक्कर 100 किलो तक पहुंच जाएगी। लेकिन पिछले 6 दिनों से खासकर जब से केंद्र सरकार ने विदेश से आयात होने वाली शक्कर में टैक्स फ्री का ऐलान किया उसके बाद से शक्कर 7 से 8 रुपए कम हुई है। हालांकि कई स्थानीय बाजारों में तस्वीर इससे भी ज्यादा चिंताजनक है। कुछ जगहों पर चीनी के भाव 65 से 70 रुपये किलो तक पहुंचने की रिपोर्ट सामने आई है।

## खबर संक्षेप

### मां और पत्नी से विवाद करने वाला युवक जेल गया

**तिल्दा नेवरा**।थाना क्षेत्र के ग्राम तुलसी मानपुर में अपनी मां और पत्नी के साथ आए दिन विवाद, गाली-गलौज और मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने 30 वर्षीय कमलेश सोनवानी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार, परिजनों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को समझाने का प्रयास किया। बताया गया कि समझाइश के दौरान युवक पुलिस के सामने ही उग्र हो गया और मारपीट पर उतारू होने लगा। मामले में पुलिस ने कमलेश सोनवानी के विरुद्ध धारा 170 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय तिल्दा-नेवरा में पेश किया। अनुविभागीय दंडाधिकारी द्वारा जेल वारंट जारी किए जाने के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया।



### संगठन ने पार्टी से भी किया निष्कासित

# फर्जी ट्रांसफर आदेश मामले में आरएमए करण देवांगन सहित बीजेपी के दो नेता गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी



रोहांसी उपस्वास्थ्य केंद्र के ग्रामीण चिकित्सा अधिकारी करण कुमार देवांगन का फर्जी ट्रांसफर आदेश के जरिए सरकारी कर्मचारी को स्थानांतरण मामले को हरिभूमि ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। उक्त स्थानांतरण आदेश को स्वयं ग्रामीण चिकित्सा अधिकारी करन कुमार देवांगन रिलीफ के लिए बीएमओ आफिस पहुंचे थे। आदेश की कॉपी देखकर सीएचएमओ का हस्ताक्षर को लेकर बीएमओ को संदेह हुआ और उन्होंने इसकी जानकारी सीएचएमओ को दी। उन्होंने इसे फर्जी बताते हुए कार्यवाही के लिए निर्देश दिया था। वहीं मामला समाचार पत्र में आने के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया था ।

मामले के गंभीरता को देखते हुए पलारी पुलिस ने परत दर परत जांच शुरू की, जिसमे कूटरचित तरीके से फर्जी स्थानांतरण आदेश में शामिल भाजपा नेता कृष्णा अवस्थी, पुनीराम पटेल और ग्रामीण चिकित्सा सहायक करण कुमार देवांगन समेत अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उन्हें रिमांड पर लेकर जेल भेजने की प्रक्रिया की गई।

जानकारी के अनुसार करण कुमार देवांगन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रोहांसी में आर एम ए के पद पर पदस्थ हैं। उन्होंने 17 अगस्त को खंड चिकित्सा अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलारी के समक्ष एक कथित स्थानांतरण आदेश प्रस्तुत किया था। इसमें उन्हें रोहांसी से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोपर, विकासखंड भाटापारा स्थानांतरित किए जाने का उल्लेख था।सीएचएमओ कार्यालय ने स्पष्ट किया कि ऐसा कोई आदेश उनके कार्यालय से जारी नहीं किया गया है। साथ ही कथित आदेश पर किए गए हस्ताक्षर भी सीएचएमओ के नहीं पाए गए। कार्यालय ने यह भी बताया कि संबंधित ⏩ शेष पेज 11 पर

### मामले में भाजपा नेता का नाम

मामले में भाजपा के दो नेताओं के नाम आने से निलंबन की कार्यवाही की है, जिला महामंत्री कृष्णा अवस्थी और जिला उपाध्यक्ष पुनीत राम पटेल द्वारा कूटरचित तरीके से फर्जी स्थानांतरण आदेश मामले में नाम आने के बाद भाजपा ने दोनों नेताओं पर की संगठनात्मक कार्रवाई कर दोनों को संगठन से निष्कासित कर दिया है।

# जिले में एनच-130 बी फोर लेन निर्माण शीघ्र प्रारंभ होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



जिले में आवागमन को सुगम और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय राजमार्ग 130 बी के चौड़ीकरण का कार्य जल्द शुरू होने जा रहा है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने शुक्रवार को वन, राजस्व एवं लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक लेकर इस परियोजना की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को सर्वे सहित अन्य प्रारंभिक प्रक्रियाओं को तेजी से पूरा करने के कड़े निर्देश दिए।कलेक्टर श्री शर्मा ने बताया कि जिले में एनएच 130 बी की सीमा ग्राम खरतोरा से शुरू होकर सारंगगढ़-बिलाईगढ़ जिला सीमा तक विस्तारित है। सड़क चौड़ीकरण के तहत प्रभावित होने वाले गांवों के ⏩ शेष पेज 11 पर

**85 किमी सड़क के उन्नयन पर खर्च होंगे 2146 करोड़ रुपये:** गौरतलब है कि रायपुर-बलौदाबाजार-सारंगढ जिले से गुजरने वाली राष्ट्रीय राज मार्ग 130 बी में विभिन्न भारी उद्योगों की स्थापना की गई है। इसमें बलौदाबाजार में सबसे अधिक सीमेन्ट उद्योग स्थापित किया गया है। इन उद्योगों की स्थापना से टू लेन सड़क पर भारी परिवहन का दबाव बना रहता है। सुगम अवगमन हेतु राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा की पहल पर एन एच.130 बी टू लेन को फोर लेन में उन्नयन हेतु प्रस्ताव रखा गया था। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री द्वारा तीन चरणों में 2146 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। जिले में इस सड़क का करीब 85 किलोमीटर लम्बाई को 4 लेन किया जाएगा।बैठक में वनमण्डलाधिकारी पंकज कमल, अपर कलेक्टर सीमा ठाकुर सहित सम्बंधित एसडीएम, लोक निर्माण एवं एन एच के अधिकारी उपस्थित थे।




मा. भूपेश बघेल जी
राष्ट्रीय महासचिव एवं पंजाब प्रभारी
पूर्व मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
को जन्मदिवस की
हार्दिक बधाई...
अटल श्रीवास्तव
विधायक कोटा
प्रमोद नायक
पूर्व अध्यक्ष, जिला सहकारी बैंक, बिलासपुर

# शराब पीकर वाहन चलाने वाले 11 चालकों पर कार्रवाई, किया 1.25 लाख का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस का अभियान लगातार जारी है। पुलिस की कार्रवाई में पकड़े गए 11 वाहन चालकों पर न्यायालय ने कुल 1 लाख 25 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया है।

पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में जिले में लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस ने ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से वाहन चालकों की जांच की। शराब के नशे में वाहन चलाते पाए जाने पर 11 चालकों के वाहन विधिवत जब्त कर उनके खिलाफ मोटर




व्हीकल एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की गई और प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किए गए।

21 अगस्त को न्यायालय ने इन सभी 11 प्रकरणों में अर्थदंड के आदेश दिए। इनमें 8 वाहन चालकों पर 10-10 हजार रुपए तथा 3 वाहन चालकों पर 15-15 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया गया। इस तरह कुल 1 लाख 25 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया।

पुलिस के अनुसार शराब पीकर वाहन चलाते पकड़े गए सभी चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित कराने की कार्रवाई भी की जाएगी। पुलिस ने कहा कि नशे में वाहन चलाना स्वयं चालक के साथ-साथ अन्य राहगीरों और वाहन चालकों के लिए भी गंभीर खतरा है। सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए शराबी वाहन चालकों के खिलाफ चेकिंग और वैधानिक कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

# टीईटी के खिलाफ शिक्षक संघ ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कसडोल

## मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक/समग्र शिक्षक फेडरेशन ब्लॉक इकाई ने सेवारत शिक्षकों के हित में एक बड़ा कदम उठाया है। फेडरेशन ने प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में कार्यरत शिक्षकों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री और स्कूल शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन विकासखंड शिक्षा अधिकारी और अनुविभागीय अधिकारी कसडोल के माध्यम से प्रेषित किया गया।

फेडरेशन के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि प्रदेश के स्कूलों में सहायक शिक्षक एवं शिक्षक पिछले कई वर्षों से निष्ठापूर्वक अपनी सेवाएं दे रहे हैं। ऐसे में अचानक टीईटी की अनिवार्य शर्तों से



उनके भविष्य पर संकट मंडराने लगा है। संघ ने मांग की है कि अन्य राज्यों की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में भी वर्षों से कार्यरत शिक्षकों के लिए 'विशेष टीईटी का आयोजन किया जाए अथवा विशेष प्रावधान लागू कर उनकी सेवा सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही, वरिष्ठता सूची और पूर्व प्रचलित नियमों के आधार पर पदोन्नति प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने की पुरजोर पैरवी की गई।

ज्ञापन सौंपने के दौरान फेडरेशन के जिलाध्यक्ष मुरीत श्रीवास और ब्लॉक अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार पैकरा समेत बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी व शिक्षक उपस्थित रहे। ज्ञापन की प्रतियां स्कूल शिक्षा मंत्री, शिक्षा सचिव, लोक शिक्षण संचालक, संयुक्त संचालक और जिला शिक्षा अधिकारी को भी प्रेषित की गई हैं। शिक्षकों ने उम्मीद जताई है कि राज्य सरकार उनकी जायज मांगों पर संवेदनशीलता से विचार करेगी और सेवारत शिक्षकों की सेवा सुरक्षा, वेतन एवं पदोन्नति से जुड़ी समस्याओं का स्थाई समाधान निकालेगी।

## पेज 9 के शेष

### फर्जी ट्रांसफर आदेश...

कर्मचारी का पद राज्य संवर्ग का है और उसके स्थानांतरण का अधिकार राज्य शासन के पास है। वहीं बीएमओ की शिकायत पलारी थाने में शिकायत प्रस्तुत की गई। पुलिस ने शिकायत, अधिकारियों के बयान और कथित दस्तावेजों की जांच के बाद 21 अगस्त को एफआईआर दर्ज की। पुलिस ने प्रथम दृष्टया आरोपियों द्वारा कथित रूप से फर्जी हस्ताक्षर एवं कूटरचित दस्तावेज तैयार कर उसे वास्तविक दस्तावेज के रूप में सरकारी कार्यालय में प्रस्तुत करने का मामला पाया है। मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 3(5), 318(4), 336(3), 337, 338 और 340(2) के तहत अपराध दर्ज किया गया है। वहीं पुलिस अब यह जांच कर रही है कि कथित फर्जी आदेश किसने तैयार किया, उस पर हस्ताक्षर किस प्रकार किए गए और सरकारी कार्यालय में उसे प्रस्तुत करने के पूरे घटनाक्रम में और किन-किन लोगों की भूमिका है।

### जिले में एनच...

खसरा नंबरों का प्रकाशन पहले ही राजपत्र में किया जा चुका है।उन्होंने लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि राजपत्र में प्रकाशित प्रभावित खसरा जमीनों के भू-अर्जन हेतु सर्वे का कार्य अविलंब प्रारंभ करें। उन्होंने वन विभाग को सड़क के दोनों ओर स्थित पेड़ों का त्वरित सर्वे करने की जिम्मेदारी सौंपते हुए निर्देशित किया कि सड़क चौड़ीकरण के दौरान केवल अति-आवश्यक होने पर ही पेड़ों की कटाई की जाए, ताकि पर्यावरण को कम से कम नुकसान पहुंचे।

# 28 लीटर महुआ शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार



**कसडोल**। जिले में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन एवं बिक्री के खिलाफ आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में 22 अगस्त को आबकारी वृत्त कसडोल की टीम ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी के कब्जे से 28 बल्क लीटर हाथभट्ठी से निर्मित कच्ची महुआ शराब बरामद की है। मामले में आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत प्रकरण कायम किया गया है।

आबकारी विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्रवाई के दौरान हेमलाल चौहान पिता नरेश चौहान 24 वर्ष जाति गाड़ा, निवासी ग्राम लिमउगुड़ा, हाल मुकाम निठोरा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा को अवैध रूप से हाथभट्ठी महुआ शराब रखने के आरोप में पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से कुल 28 बल्क लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद की गई।आबकारी विभाग ने बरामद शराब को विधिवत जब्त करते हुए आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) एवं 59(क) आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण कायम किया है। विभाग द्वारा मामले में नियमानुसार आगे की वैधानिक कार्रवाई जा रही है।

आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध शराब के निर्माण, संग्रहण, परिवहन और बिक्री के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा। विभाग की लगातार कार्रवाई से अवैध शराब के कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं।

# पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर के कथित बयान पर भड़का यादव समाज

**तिल्दा-नेवरा।** पूर्व मंत्री एवं भाजपा नेता अजय चंद्राकर के यादवी संघर्ष और यादव समाज के विनाश से संबंधित कथित बयान को लेकर यादव समाज ने नाराजगी जतायी है। सर्व यादव समाज छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु ने बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे समाज की भावनाओं को आहत करने वाला बताया है। उन्होंने कहा कि ऐसे संवेदनशील सामाजिक विषयों पर सार्वजनिक मंच से की गई टिप्पणी का व्यापक प्रभाव पड़ता है, इसलिए जनप्रतिनिधियों को बयान देते समय विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। रमेश यदु ने कहा कि यदि अजय चंद्राकर के कथित बयान से यादव समाज की भावनाएं आहत हुई हैं, तो उन्हें सार्वजनिक रूप से अपनी बात स्पष्ट करते हुए समाज से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज के सम्मान और स्वाभिमान



से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने प्रदेशभर के यादव समाज के सभी संगठनों से अपील की कि वे जल्द संयुक्त बैठक बुलाकर इस मामले में सामूहिक निर्णय लें और शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से अपनी प्रतिक्रिया दर्ज कराएं। यदु ने कहा कि सामाजिक मुद्दों पर समाज की एकजुटता ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है।रमेश यदु ने भाजपा में यादव समाज से जुड़े जनप्रतिनिधियों की चुप्पी पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि समाज से जुड़े संवेदनशील विषय पर अब तक सार्वजनिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों को अपनी सामाजिक जिम्मेदारी समझते हुए ऐसे मामलों में अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कथित बयान को लेकर माफी नहीं मांगी जाती है, तो यादव समाज लोकतांत्रिक तरीके से अपनी नाराजगी दर्ज कराएगा और समाज के सम्मान के लिए आवाज बुलंद करेगा। यादव समाज के भीकम यादव, सुदामा यादव, देवनारायण यादव, रामचंद्र यादव, नत्थू लाल यादव, विजय यादव, राकेश यादव, हरीश यादव, अशोक यादव, दिनेश यादव, धानमती यादव, गीता यादव, किरण यादव, गोविंद यादव, काशुराम यादव, जितेंद्र यादव सहित अन्य समाज प्रमुखों ने भी अजय चंद्राकर के कथित बयान की निंदा की है।












विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



## खबर संक्षेप

### सीपत में धोबी समाज कोर कमेटी की प्रदेश स्तरीय बैठक आज

**अर्जुनी।** रतनपुर परिक्षेत्र के अंतर्गत एनटीपीसी सीपत नवाडीह सामाजिक सामुदायिक भवन में 23 अगस्त की सुबह 11 बजे से छत्तीसगढ़ प्रदेश धोबी समाज कोर कमेटी की बैठक रखी गई है। कोर कमेटी की आवश्यक बैठक में एक



समाज एक संगठन एक प्रदेश अध्यक्ष का लोकतांत्रिक पद्धति से प्रदेश स्तरीय चुनाव करने संबंधित महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा की जाएगी। साथ ही मतदाता सूची जारी करने प्रदेश अध्यक्ष चुनाव की तिथि तय करने एवं चुनाव भवन का चयन सहित अन्य कई प्रमुख एजेंडों पर चर्चा की जाएगी। प्रदेश महासचिव कृष्णकुमार निर्मलकर ने बैठक में प्रदेश के पांचों संभाग के संभागीय अध्यक्ष 33 जिलों के जिलाध्यक्ष राज परिक्षेत्र अध्यक्ष सहित सभी फिरकों के पदाधिकारियों से अति आवश्यक बैठक में उपस्थित होने की अपील की है।

### टेट अनिवार्यता के खिलाफ शिक्षक संघ ने रैली निकाली



**पलारी।** छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त विकासखंड में टेट के अनिवार्यता के खिलाफ शिक्षक सांझा मंच द्वारा शनिवार को पलारी में रैली निकाली गई। इसके बाद मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विक्रम रॉय प्रांताध्यक्ष संकुल समन्वयक, देवेंद्र साहू संयोजक कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन, लोचन बांधे ब्लॉक अध्यक्ष छग सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन, अशोक पैकरा, दिलेश्वर भारद्वाज, कन्हैया साहू, जसनारायण गायकवाड़, बाबू लाल साहू, कविता सरसीहा, संध्या पैकरा, ज्योति सर्वा, सतरूपा विश्वकर्मा एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं ब्लॉक पलारी उपस्थित थे।

### हायर सेकंडरी स्कूल में लगा दंत जांच शिविर



**पलारी।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हाई स्कूल गोड़ा में एक दिवसीय निःशुल्क दंत जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में अनुभवी दंत चिकित्सक डा. दिव्या वर्मा डेंटल खरतोरा ने स्कूल के विद्यार्थियों और स्टाफ के कर्मचारियों के दांतों की जांच की। शिविर के दौरान बच्चों को दांतों की सही देखभाल करने के तरीके सिखाए। उन्होंने बताया कि दिन में दो बार ब्रश करना क्यों जरूरी है और गलत खान-पान से दांतों को क्या नुकसान होता है। जांच के बाद जिन बच्चों के दांतों में कैविटी (सड़न) या अन्य समस्याएं पाई गईं, उन्हें उचित इलाज की सलाह दी गई। साथ ही जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क दवाइयां और टूथपेस्ट भी दिया गया। इस अवसर पर प्राचार्य पार्वती वर्मा एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिका उपस्थित थी।

### सरकारी चारागाह पर कब्जा सड़कों पर घूम रहे मवेशियों की जा रही जान



**मुंडा।** जिला मुख्यालय से महज 15 किलोमीटर दूर नेशनल हाईवे रोड पर स्थित आदर्श ग्राम पंचायत मुंडा में चारागाह के लिए पचासों एकड़ का चरागाह था, जिसमें मवेशियों को चराने के लिए चरवाहा लाया करता था, लेकिन गांव के ही गैर जिम्मेदार लोगों द्वारा अवैध कब्जा कर धान की फसल उगा रहे हैं, जिसके चलते गांव में चरागाह नहीं बचा है। सरपंच द्वारा गांव में मुनादी करायी गयी कि अपने-अपने मवेशी को घर में बांधकर रखना है। यदि रोड में घूमते पाये जाते है और चिन्हांकित होने पर लवन थाना में शिकायत की जावेगी। उसके ऊपर कार्रवाई की जायेगी, लेकिन गांव के लोग अनजान बने हुए हैं। वहीं मुंडा के आसपास गांव पैजनी कसियारा जैसे गांव में चरवाहा लगाए हुए हैं।

# दादी प्रकाशमणि की पुण्यतिथि पर 23 लोगों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 19वीं पुण्यतिथि पर ब्रह्माकुमारीज़ संस्था द्वारा देशभर में चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी विश्व बंधुत्व रक्तदान महाअभियान की कड़ी में तिल्दा स्थित ब्रह्माकुमारीज़ सेवाकेंद्र में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ बीएमओ डॉ. आशीष सिन्हा एवं अतिथियों ने किया।

कार्यक्रम में ब्लॉक एजुकेशन ऑफिसर लीलाधर सिन्हा, वरिष्ठ सीएचसी चिकित्सा अधिकारी डॉ. उमा पैंकरा, तिल्दा भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष एवं पार्षद रानी सौरभ जैन, सतीश वर्मा, रेडक्रॉस रायपुर प्रभारी डॉ. प्रभु नारायण, सुना हॉस्पिटल की संचालिका डॉ. अलका सुना तथा ब्रह्माकुमारीज़ तिल्दा सेवाकेंद्र प्रभारी बीके प्रियंका विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

रक्तदान शिविर में शहरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वैच्छिक रक्तदान किया। शिविर में कुल 23 लोगों ने रक्तदान कर जरूरतमंदों के लिए जीवन बचाने की इस मुहिम में योगदान दिया।

इस अवसर पर बीके प्रियंका ने कहा कि रक्तदान किसी जरूरतमंद के जीवन की रक्षा करने वाली निस्वार्थ सेवा है। बिना किसी स्वार्थ के रक्तदान करने से समाज में सहयोग, सेवा और विश्व बंधुत्व की भावना मजबूत होती है।

### रक्तदाताओं को पौधे और प्रेरणादायी उपहार देकर किया सम्मानित



#### रक्तदान के साथ प्रकृति संरक्षण का संदेश

उन्होंने कहा कि रक्तदान के माध्यम से किसी जरूरतमंद को जीवनदान मिल सकता है। शिविर का संचालन रेडक्रॉस रायपुर की टीम ने किया। कार्यक्रम में रक्तदान के साथ प्रकृति संरक्षण का संदेश भी दिया गया। पार्षद रानी सौरभ जैन की ओर से सभी रक्तदाताओं को पौधे सहित गमले भेंट कर पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया। ब्रह्माकुमारीज संस्था एवं रेडक्रॉस की ओर से रक्तदाताओं को उपयोगी एवं प्रेरणादायी उपहार भी प्रदान किए गए। इनमें परमात्म संदेश से युक्त पत्र विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। संस्था की ओर से सभी रक्तदाताओं को बैज पहनाकर उनके मानवीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

### ग्रामीणों को मिलेगी आवागमन की सुविधा

# विधायक साव ने लमती और गोगिया पंचायत में सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



विधायक इन्द्र साव ने क्षेत्र के ग्राम पंचायत लमती और ग्राम गोगिया में सी.सी.रोड निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर विधायक इन्द्र साव ने कहा ग्रामीण क्षेत्रों का समग्र विकास ही छत्तीसगढ़ की तरक्की का मुख्य आधार है। लमती और गोगिया के ग्रामीणों द्वारा लंबे समय से सीसी रोड निर्माण की मांग की जा रही थी, जिसे आज पूरा किया गया है। इस सड़क के निर्माण से बारिश के दिनों में होने वाली कीचड़ की समस्या से मुक्ति मिलेगी और ग्रामीणों का आवागमन सुगम व सुरक्षित होगा।

उन्होंने कहा कि भाटापारा विधानसभा के हर गांव तक पक्की सड़क, स्वच्छ पेयजल, बिजली और शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना उनका मुख्य लक्ष्य है। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर ग्रामीणों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने विधायक इन्द्र साव का फूल-मालाओं के साथ आत्मीय स्वागत किया। ग्रामीणों ने अपनी वर्षों पुरानी मांग पूरी होने पर विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया। इस गरिमामयी कार्यक्रम में जनपद सदस्य सुंदर साहू, विजय निषाद, ग्राम पंचायत लमती सरपंच पुष्पलता हेमलाल ध्रुव, हेमकुमार निषाद, सुरेन्द्र निषाद, उमेंद गिरि, पतिराम ध्रुव, गायत्री चक्रधारी, फेरूराम निषाद, मंतराम ध्रुव, हारिका ध्रुव, जीवन निषाद, रामू निषाद, फेकन निषाद, धर्मेन्द्र चक्रधारी, यादव नाथ यादव, रामायण गंधर्व, सुकदेव ध्रुव, ललित यादव, ललित निषाद, झगरू ध्रुव, रामकिसुन ध्रुव, कन्हैया निषाद, शिवशंकर चक्रधारी, टिकेश्वर गंधर्व, ग्राम गोगिया सरपंच शिव गोयल, बेदराम कुर्रे, कान्हू दिवाकर, मागीलाल बादशाह, कृष्णा कुर्रे, हीरा ठाकुर, सुखी राम, सुखचंद, मोहन, दयाराम, रामलाल, रामू, लक्ष्मी, राजकुमार, अभय, कारण, रंजीत, अजीत, नीतेश, राहुल, अविनाश, शाहिल सहित भारी संख्या में माताएं और युवा साथी उपस्थित थे।

### संत माता कर्मा और भगत सिंह वार्ड में 23.04 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन



**भाटापारा।** नगर पालिका परिषद के अंतर्गत संत माता कर्मा वार्ड एवं भगत सिंह वार्ड दोनों में कुल 23.04 लाख की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा की उपस्थिति में हुआ। इन विकास कार्यों में सड़क, नाली एवं पुलिया निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं।

संत माता कर्मा वार्ड में 9.75 लाख की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया, जिसमे पुलिया एवं नाली निर्माण का कार्य शामिल है। भगत सिंह वार्ड में 13.29 लाख की लागत से विभिन्न गलियों में सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि भाटापारा के प्रत्येक वार्ड का समुचित विकास और नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सड़क, नाली और पुलिया जैसे कार्य सीधे तौर पर आम नागरिकों के दैनिक जीवन से जुड़े हुए हैं और इनका प्रभाव प्रत्येक परिवार पर पड़ता है।नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि नगर पालिका परिषद भाटापारा द्वारा शहर के सभी वार्डों में नागरिकों की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। सड़क, नाली, पुलिया और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा कराने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस अवसर पर सभापति गोविंद पटेल पार्षद मोंटू ध्रुव, गोवर्धन डहरिया, उमाशंकर वर्मा, कीर्तन जायसवाल, बब्बू मंधान, श्रेणिक गोलछा शुभम राजपूत, संजय बंजारे, पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश रात्रे, मनिंदर सिंह गुम्बर एल्डरमैन डॉ. मोहन बांधे, एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद थे।

### विभागीय पदोन्नति में टीईटी की अनिवार्यता का विरोध, शिक्षक संघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

शिक्षकीय पदों पर विभागीय पदोन्नति में टीईटी उत्तीर्ण होने की अनिवार्यता के विरोध में शिक्षक संघ जिला इकाई सारंगढ़-बिलाईगढ़ ने आवाज बुलंद की है। शिक्षक संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने 21 अगस्त को मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, शिक्षा आयोग के अध्यक्ष, शिक्षा सचिव एवं संचालक डीपीआई के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर इस अनिवार्यता को तत्काल समाप्त करने की मांग की।

शिक्षक संघ का कहना है कि विभागीय पदोन्नति में टीईटी की अनिवार्यता व्यावहारिक नहीं है। इससे लंबे समय से सेवा दे रहे अनुभवी शिक्षक पदोन्नति के अवसर से वंचित हो सकते हैं। संघ ने शासन से शिक्षकों के अनुभव एवं सेवा अवधि को ध्यान में रखते हुए विभागीय पदोन्नति प्रक्रिया में टीईटी की अनिवार्यता पर पुनर्विचार करने की मांग की है।

ज्ञापन सौंपने के दौरान जिलाध्यक्ष रामकुमार साहू, जिला सचिव योगेंद्र पड़वार, भटगांव तहसील अध्यक्ष मूलचंद देवांगन, सरसिवां तहसील अध्यक्ष भगवान दुबे, जिला कोषाध्यक्ष महेंद्र साहू सहित तुलसी राम देवांगन, प्रहलाद कैवर्त्य एवं यशपाल यादव समेत शिक्षक संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। शिक्षक संघ ने शासन से मांग पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की है। संघ पदाधिकारियों ने कहा कि यदि उनकी जायज मांग पर जल्द विचार नहीं किया गया, तो शिक्षक अपने अधिकारों के लिए आंदोलन को और व्यापक करने तथा उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## खपरी से गरियाबंद भूतेश्वर महादेव के लिए कांवड़ियों का जत्था रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

ग्राम पंचायत खपरी भ से शनिवार को सावन माह पर मासूम कांवड़िया संघ के लगभग 70 कांवड़िए गरियाबंद स्थित भूतेश्वर नाथ महादेव के लिए रवाना हुए। कांवड़िए वहां भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना करेंगे। संघ के अध्यक्ष देवेंद्र सेन ने बताया कि पिछले 12 वर्षों से कांवड़िया संघ द्वारा लगातार सावन माह में कांवड़ यात्रा निकाली जा रही है। संघ के सदस्य हर वर्ष अलग-अलग धार्मिक स्थलों पर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करते हैं। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी श्रद्धालुओं का जत्था भूतेश्वर महादेव के लिए रवाना हुआ।

कांवड़ यात्रा में अमन सेन, तोमन यादव, शिवा झा, प्रिंस झा, दीपक कन्नौजे, पोषण यादव, विक्रम ध्रुव, पंकज सेन, माधवेंद्र सेन, नोहर कन्नौजे, दाऊवा राम साहू, पवन निषाद, आलम भारद्वाज, सतीश ढीढी सहित लगभग 70 कांवड़िए शामिल हुए।ग्रामीणों ने बताया कि खपरी भ के कांवड़ियों की यात्रा अपने अनोखे अंदाज के लिए भी जानी जाती है। गांव से रवाना होने के दौरान कांवड़िए तरह-तरह की वेशभूषा धारण कर भगवान भोलेनाथ की बरात के रूप में निकलते हैं। उनकी यह अनूठी प्रस्तुति हर वर्ष पूरे क्षेत्र में आकर्षण और चर्चा का विषय बनी रहती है। यात्रा के दौरान श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ के जयकारे लगाते हुए रवाना हुए। इस अवसर पर ग्राम पंचायत खपरी भ के सरपंच दिनेश मारकंडे ने कांवड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि धार्मिक यात्राएं समाज में आस्था, एकता और भाईचारे की भावना को मजबूत करती हैं। उन्होंने सभी कांवड़ियों की सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामना की। कांवड़ियों की रवानगी के दौरान उपसरपंच हितेंद्र कोसले, पंच प्रीति झा, ममता बंजारे, अमन सेन, राज कुमार बघेल, समारु कोसले, सविता ध्रुव, जितेंद्र निषाद, ललिता जांगड़े, सुनीता ढीढी एवं राम दास सोनवानी सहित ग्रामीण उपस्थित रहे। पंचायत प्रतिनिधियों ने सभी कांवड़ियों को गुलाल एवं श्रीफल भेंट कर शुभकामनाओं के साथ यात्रा के लिए रवाना किया।

## श्रावण शुक्ल दशमी तिथि को याद किए गए महन्त लाल दास



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

श्रावण शुक्ल दशमी तिथि 22 अगस्त को शिवरीनारायण मठ के पूर्वाचार्य महन्त लालदास महाराज को याद किया गया। भगवान की विशेष पूजा अर्चना की गई। साथ ही नगर के सभी विप्र बंधुओं को ब्राह्मण भोजन कराया गया। तत्पश्चात उन्हें तिलक लगाकर दक्षिणा सहित ससम्मान विदा किया गया।

इस अवसर पर अपने संदेश में महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज ने कहा कि श्री शिवरीनारायण मठ में प्रतिवर्ष श्रावण शुक्ल दशमी तिथि को यहां के पूर्वाचार्य महन्त लालदास महाराज को याद किया जाता है। इसी सिलसिले में ब्राह्मण भोजन का आयोजन किया गया, जिसमें नगर के सभी विप्रवर बड़ी संख्या में उपस्थित होकर भगवान श्रीजगन्नाथ का भोजन प्रसाद प्राप्त किए हैं। उन्हें ससम्मान विदाग्री दी गई है, काफी संख्या में लोगों की उपस्थिति पर उन्होंने आभार जताया। इस अवसर पर विशेष रूप से संत रामगोपाल दास, दिनेश दुबे, हेमंत दुबे, शत्रुघ्न शर्मा, अशोक शर्मा, हिमांशु तिवारी,अनिल शर्मा, उत्तम उपाध्याय, संजय शर्मा, सुधीर मिश्रा, राजू शर्मा, कमल शर्मा, कान्हा दुबे, लाडली मोहन शर्मा, रेखेंद्र तिवारी सहित नगर के सभी विप्रबंधु सम्मिलित हुए।

### राखियों से सजीं दुकानें खरीदारी करने में जुट लोग

**अर्जुनी।** नगर सहित क्षेत्र के प्रमुख बाजारों में जगह-जगह राखियों की दुकानें सज गई है। दुकानों पर रंग बिरंगी और आकर्षक राखियां बहनों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। खरीदार भी पर्व की तैयारी में जुट गए हैं और राखियों की खरीदारी कर रहे हैं। 28 अगस्त को मनाए जाने वाले इस पर्व पर बहने अन्य राज्य गए भाइयों के पास राखी भेज रही हैं। इस वर्ष रक्षाबंधन पर्व 28 अगस्त को मनाया जाएगा। इसके चलते बाजारों में राखियों की खरीदारी के लिए दुकानें सजने लगी हैं। रंग बिरंगी और आकर्षक राखियां बहनों को लुभा रही है। बाजार में राखियों की कीमतें उनके डिजाइन के अनुसार अलग-अलग है। प्रतिष्ठित राखी विक्रेता गोपाल जायसवाल ने बताया कि वह कई सालों से राखी का व्यवसाय कर रहे हैं उनके पास 20 से लेकर 500 रुपए तक की राखियां उपलब्ध है। दुकान में कई वैरायटी की राखी रखी है। ग्राहकों की पसंद को ध्यान में रखते हुए नई वैरायटी मंगाई गई है।



### आयुष स्वास्थ्य शिविर में कई रोगों का हुआ इलाज

**लवन।** जिला आयुष विभाग के मार्गदर्शन में एक दिवसीय विकासखंड स्तरीय आयुष स्वास्थ शिविर का आयोजन नगर पंचायत गुरु घासीदास सांस्कृतिक भवन लवन में हुआ। शिविर में आयुर्वेद चिकित्सा में 255, होम्योपैथी में 105, नेत्र रोग में 48, दंत रोग में 42 शुगर जांच में 85 मरीजों का ईलाज हुआ। कार्यक्रम के मुख्यतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष शिव मंगल चौहान, विशिष्ट अतिथि पार्षद हर प्रसाद बार्वे भारत भूषण साहू, शिविर प्रभारी डॉ. श्रीकांत साहू, वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. एल एस ध्रुव, डॉ. सुरेश मेहता, आयुष चिकित्सक डॉ. विवेक वर्मा, डॉ. कल्याणी सिंह, होम्योपैथी चिकित्सक डॉ. नेकदत्त बरतामसी, नेत्र रोग डॉ. दुर्गेश बंजारे, दंत रोग डॉ. सोलंकी, पैथोलॉजिस्ट कैवर्त, फार्मासिस्ट, सीताराम सांडे, ओमप्रकाश डहरिया, मनोज जांगड़े, गणेश साहू, त्रिलोक यादव, प्रवीण पैकरा ने अपनी सेवाएं दी ।



### शिविर में गूंजा अनुशासन, संस्कार और देशभक्ति का संदेश

# पांच दिवसीय जांच शिविर के कार्यक्रम में शामिल हुए शिवरतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के जिला संघ द्वारा मांवली माता मंदिर परिसर सिंगारपुर में पांच दिवसीय तृतीय सोपान रेंजर जांच शिविर का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा सम्मिलित हुए। शिविर स्थल पर पहुंचने पर स्काउट-गाइड के बच्चों द्वारा बैंड और स्काउट परम्परा के अनुसार उनका आत्मीय स्वागत किया गया। इसके पश्चात स्काउट बच्चों द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना, ध्वज गीत और मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया।

सभा को संबोधित करते हुए शिवरतन शर्मा ने कहा कि भारत स्काउट्स एंड गाइड्स विश्व का सबसे बड़ा वर्दीधारी युवा संगठन है, जो एक राष्ट्रीय संस्था के रूप में बच्चों और युवाओं में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, आत्मनिर्भरता, सहयोग और निस्वार्थ सेवा भाव का विकास करने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। शिवरतन शर्मा ने कहा कि स्काउट्स का आदर्श वाक्य तैयार रहो केवल एक नारा नहीं, बल्कि जीवन का मंत्र है। यह हमें हर परिस्थिति, हर चुनौती और राष्ट्र व समाज की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने की प्रेरणा देता है। आज के इस मोबाइल और नशे के दौर में जब युवा दिग्भ्रमित हो रहा है, तब स्काउट-गाइड जैसा संगठन उन्हें अनुशासन, संस्कार और देशभक्ति की मुख्यधारा से जोड़ने का पुनीत कार्य कर रहा है।

शर्मा ने इस प्रकार के शिविर के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से ग्रामीण अंचल के बच्चों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। इस अवसर पर जिला संघ के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य, स्काउट प्रभारी, बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक एवं स्काउट-गाइड के सैकड़ों बच्चे उपस्थित थे।

